Sixteenth Loksabha

an>

title: reported death of a student by lathi charge during 'Bhima Koregaon Bandh'

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : अध्यक्ष जी, मैं एक बहुत दुखद घटना की ओर सदन का ध्यान आकृऐट करना चाहूंगा। कल भीमा-कोरेगांव घटना के निऐोध में पूरे महाराऐट्र में बन्द का आयोजन किया गया। ...(व्यवधान) मेरे संसदीय क्षेत्र में पुलिस अत्याचार की एक घटना हुई है। स्कूल जाने वाला एक बच्चा, जिसका नाम योगेश प्रह्लाद जाधव है, जो दसवीं कक्षा का छात्र था और स्कूल जा रहा था। वहां पर पुलिस ने अचानक लाठीचार्ज किया और स्कूल जाने वाले उस बच्चे के ऊपर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज हुआ, जिससे उस बच्चे की जान चली गई। इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह स्टेट मैटर है।

…(व्यवधान)

श्री राजीव सातव : अध्यक्ष जी, स्कूल जाने वाले बच्चे की यहां पर जान गई है। इसलिए मैं इस पूरी घटना की जांच किए जाने की मांग करता हूं। राज्य सरकार और प्रशासन की ओर से .... * रहा है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह स्टेट मैटर है। आप कोई एलिगेशन मत लगाओ। आप अपनी डिमाण्ड रखिए।

…(व्यवधान)

श्री राजीव सातव: अध्यक्ष जी, मैं इस बारे में केद्र सरकार की तरफ से स्टेटमेंट दिए जाने की विनती करता हूं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष जी, लास्ट प्वाइंट कहना चाहता हूं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप बार-बार एलिगेशन लगा रहे हैं। एलिगेशन मत लगाइए, आप डिमाण्ड कीजिए।

…(व्यवधान)

श्री राजीव सातव : अध्यक्ष जी, मैं मृतक के परिवार को मदद देने की मांग करता हूं। उस परिवार को 25 लाख रुपये की मदद मिले। ...(व्यवधान)